**सेंट थॉमस स्कूल , साहिबाबाद**
**वार्षिक अभ्यास पत्रक 2023-24**

**दिनांक-** ______________ **विषय- हिन्दी , कक्षा – तृतीय** **प्राप्तांक-** ____________

**समय- 3 घंटे** **पूर्णांक- 80**

**नाम-** ________________ **विभाग** ________________ **क्रमांक-** ____________

## खंड-क

**प्रश्न1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर पर [ ✔ ] का निशान लगाइए –** 5

पेड़ हमारे अच्छे मित्र हैं। वे हमें छाया, फल और फूल देते हैं। वे हवा को शुद्ध करते हैं और हमें बारिश कराते हैं। पक्षी पेड़ों में रहना पसंद करते हैं। वे पेड़ों पर अपना घोंसला बनाते हैं और अपने बच्चों को पाला करते हैं। पक्षी पेड़ों के फल, बीज और कीड़े खाते हैं। वे पेड़ों की रक्षा करते हैं और उन्हें कीड़ों से बचाते हैं।

(क) पक्षी पेड़ों में क्या करना पसंद करते हैं ?
1) घूमना ( ) 2) चलना ( ) 3) रहना ( ) 4) खाना ( )

(ख) पेड़ हमें क्या देते हैं ?
1) छाया ( ) 2) फल ( ) 3) फूल ( ) 4) सभी उत्तर सही हैं ( )

(ग) पक्षी पेड़ों की रक्षा कैसे करते हैं ?
1) कीड़ों से बचाकर ( ) 2) फल खाकर ( ) 3) सोकर ( ) 4) फूल तोड़कर ( )

(घ) पक्षी पेड़ों पर क्या बनाते हैं ?
1) हवा ( ) 2) पानी ( ) 3) घोंसला ( ) 4) बीज ( )

(ङ) पक्षी पेड़ों पर क्या खाते हैं ?
1) फल ( ) 2) बीज ( ) 3) कीड़े ( ) 4) सभी उत्तर सही हैं ( )

**प्रश्न2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर पर [ ✔ ] का निशान लगाइए –** 5

चुहिया जी चूहे से बोली , पड़ने लगी अब सर्दी ।
कितने दिनों से बोल रही हूँ , ला दो मुझको ऊनी वर्दी ।
चूहे ने समझाया उसको , कल सुबह बैंक जाऊँगा।
कुतर-कुतर के नहीं बल्कि मैं , पूरी नोटों की गड्डी लाऊँगा ।
चूहा पैसे ले आया और, बोला ले लो वर्दी ।
इसे पहनकर कहीं भी घूमो , नहीं लगेगी सर्दी ।

(क) किसको सर्दी लग रही थी ?
1) चुहिया को ( ) 2) चूहे को ( ) 3) मकड़ी को ( ) 4) किसी को नहीं ( )

(ख) चुहिया क्या मँगा रही थी ?
1) मिठाई ( ) 2) पकौड़े ( ) 3) ऊनी वर्दी ( ) 4) कुछ नहीं ( )

(ग) चूहे ने कल सुबह कहाँ जाने की बात कही ?
1) बैंक ( ) 2) घर ( ) 3) चाची के यहाँ ( ) 4) छत पर ( )

(घ) चूहा बैंक से क्या लाया ?
1) मैनेजर ( ) 2) पैसे ( ) 3) चादर ( ) 4) वर्दी ( )

(ङ) चूहे ने चुहिया से वर्दी पहनकर कहाँ घूमने को कहा ?

1) कहीं भी ( ) (2) चाची के यहाँ ( ) 3) छत पर ( ) 4) घर में ( )

## <u>खंड- ख</u>

**प्रश्न3 निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्दों को <u>रेखांकित</u> करें –** 4

(क) रमा सो रही है । (ख) हवा से पर्दा हिल रहा है ।

(ग) गौरी जलेबी खा रही है । (घ) मुंडेर पर कबूतर बैठे हैं ।

**प्रश्न4 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्दों को <u>रेखांकित</u> करें –** 6

(क) बच्चा बहुत शैतान है । (ख) रसगुल्ला मीठा होता है ।

(ग) मम्मी ने पाँच किलो टमाटर ख़रीदे । (घ) गरीब आदमी मेहनत कर रहा है ।

(ङ) मेरी पेंसिल बड़ी है । (च) हमें हमेशा अच्छे काम करने चाहिए ।

**प्रश्न5 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें –** 4

(क) अपने देश का ------------------------------ (ख) व्याकरण जानने वाला ------------------------------

(ग) साथ पढ़ने वाला ------------------------------ (घ) जिसका आकार हो ------------------------------

**प्रश्न6 दिए गए निर्देशों के अनुसार रिक्त स्थान भरें –** 6

(क) एक महीने में ____________ दिन होते हैं । (अंक में लिखो) (ख) ४० – ७ = _________ होता है । (अंक में लिखो)

(ग) २३ के बाद -------------------------- आता है । (शब्द में लिखो) (घ) ३२ को शब्द में लिखो = --------------------------- ।

(ङ) सत्ताईस को अंक में लिखो= ____________ । (च) ३७ को शब्द में लिखो = --------------------------- ।

**प्रश्न7 रिक्त स्थान भरें –** 5

(क) फरवरी में ------------------------- दिन होते हैं । (ख) ----------------------- के पहले बुधवार आता है ।

(ग) जनवरी के बाद ------------------------ आता है । (घ) साल में ------------------- दिन होते हैं ।

(ङ) गांधी जयंती -------------------------- के महीने में होती है ।

## <u>खंड-ग</u>

**प्रश्न8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर पर [ ✔ ] का निशान लगाइए –** 5

सवेरे चूल्हा बुझकर ठंडा हो गया । छोटे बच्चे वहीं खेलने-कूदने लगे । बच्चे शैतान थे , चुल्हे को तहस-नहस कर बुझी राख पर आड़ी-तिरछी लकीरें खींचने लगे । अचानक एक बच्चे के हाथ में एक सख्त चीज चुभी । हाथ में उठाने पर देखा कि उससे आर-पार साफ़ दिखाई दे रहा है । बड़े लोगों ने भी उस अद्भुत चीज को देखा और हैरान रह गए क्योंकि उसके आर-पार दिखाई दे रहा था ।

(क) सवेरे क्या बुझकर ठंडा हो गया ?

1) भगोना ( ) 2) कड़ाही ( ) 3) चूल्हा ( ) 4) कुछ नहीं ( )

(ख) कौन वहीं खेलने-कूदने लगे?

1) औरतें ( ) 2) छोटे बच्चे ( ) 3) आदमी ( ) 4) चूहे ( )

(ग) बच्चे कैसे थे ?

1) सीधे-सादे ( ) 2) होशियार ( ) 3) चालाक ( ) 4) शैतान ( )

(घ) अचानक एक बच्चे के हाथ में एक कैसी चीज चुभी ?

1) सख्त ( ) 2) मुलायम ( ) 3) गुदगुदी ( ) 4) गरम ( )

(ङ) उस अद्‌भुत चीज के आर-पार कैसा दिखाई देता था ?

1) साफ़ ( ) 2) काला ( ) 3) सफ़ेद ( ) 4) लाल ( )

**प्रश्न 9 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के सही उत्तर पर [ ✔ ] का निशान लगाइए –** 5

प्यार पूँछ से मार पूँछ से , पशु करे सब बात पूँछ से ।
मछली , पक्षी , घोड़ा , साँप , करें इशारा सभी पूँछ से ॥
मालिक आया , पूँछ हिलाई , शत्रु आया , पूँछ दबाई ।
देखा जब कमजोर है कोई , गुर्राया और पूँछ उठाई ॥

(क) पशु सब बातें किस से करते हैं ?

1) पूँछ से ( ) 2) हाथ से ( ) 3) पैर से ( ) 4) कान से ( )

(ख) कौन-कौन पूँछ से इशारा करते हैं ?

1) मछली ( ) 2) पक्षी ( ) 3) घोड़ा ( ) 4) ये सभी ( )

(ग) किसके आने पर पशु पूँछ हिलाते हैं ?

1) नौकर के ( ) 2) मालिक के ( ) 3) पक्षी के ( ) 4) चूहे के ( )

(घ) किसके आने पर पशु पूँछ दबाते हैं ?

1) मित्र के ( ) 2) शत्रु के ( ) 3) नौकर के ( ) 4) मालिक के ( )

(ङ) किसकी पूँछ लहराती है ?

2) हाथी की ( ) 2) साँप की ( ) 3) चूहे की ( ) 4) पतंग की ( )

**प्रश्न10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-** 5

(क) धरती का प्रांगण किसे कहा गया है ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

(ख) मराठा सैनिकों के प्रमुख कौन थे ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

(ग) खेलते-खेलते बच्चों के हाथ क्या लगा ?

उत्तर- ----------------------------------------------------------------------------------------------------

(घ) हवाई जहाज की पूँछ क्या काम करती है ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

(ङ) हेडमास्टर साहब की बात सुनकर बच्चों ने क्या सोचा ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

**प्रश्न11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए-** 8

(क) शिवाजी ने अकेले ही जाने का निश्चय क्यों किया ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(ख) सख्त , अद्भुत चीज को देखकर लोग हैरान क्यों रह गए ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(ग) मछली अपनी पूँछ क्यों उठाती है ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(घ) बच्चे तोत्तोचान की कहानी से तंग क्यों आ गए थे ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

**प्रश्न12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** 12

(क) बुढ़िया ने शिवाजी को खाने के मामले में क्या सीख दी ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------

(ख) लिपरशी बेटे को उठाकर ख़ुशी से क्यों नाचने लगा ?

उत्तर- ------------------------------------------------------------

(ग) पशु-पक्षियों के अतिरिक्त और किन-किन वस्तुओं की पूँछ होती है और क्यों ?

उत्तर-

(घ) मेंढक की कहानी सुनाने वाले बच्चे के साथ क्या हुआ ?

उत्तर-

**प्रश्न13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक दीजिए-** 5

(क) कवि अपनी कौन-सी इच्छा पूरी करने की प्रार्थना ईश्वर से करता है?

**या**

(ख) एक बच्चे के यह कहने पर कि उसे कुछ भी नहीं कहना , हेडमास्टर साहब ने क्या किया ?

उत्तर-

## <u>खंड-घ</u>

**प्रश्न14 निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय पर</u> अनुच्छेद लिखें –** 5

(क) "मेरा पालतू पशु"

**या**

(ख) "मेरा प्रिय त्योहार"

उत्तर- ------------------------------------------------------------------------